देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 283 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
दिक्कत वाले दो साल



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 18 फरवरी 2022



मौसम — अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

39243.39

2 रूस ने जापान को दी चेतावनी

7 ढुल के रणजी करियर का शानदार आगाज

# वाद–विवाद एक तरफ और राष्ट्रवाद एक तरफ

## फतेहपुर में प्रधानमंत्री बोले, बुंदेलखंड में घोषणा करके सो जाने वाले नहीं घोर परिश्रम करने वाले चाहिये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सारे वाद और विवाद एक तरफ और राष्ट्रवाद एक तरफ, यूपी के लोगों ने ठान लिया है कि होली आने से पहले दस मार्च को ही रंगों की होली धूमधाम से विजय की होली मना लेंगे। फतेहपुर बुंदेलखंड के क्षेत्र में पराक्रम और वीरता यहां के लोगों के नसों और खून में है। देश का सामर्थ्य बढ़ता देखकर यहां के लोगों का उत्साह बढ़ता है। लेकिन, यूपी के घोर परिवारवादी हैं, उन्हें देश का पराक्रम कभी नहीं अच्छा लगा। देश कुछ भी अच्छा करता है ये परिवारवादी उसपर सवाल उठाते हैं। वह फतेहपुर के बहुआ रोड पर एफसीआई के पास मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

कहा, अब अवध और बुंदेलखंड के विकास के लिए बदला लेने वाले नहीं, जमीन पर बदलाव लाने वाले चाहिये, परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले नहीं पलायन को रोकने वाले चाहिये, सिर्फ घोषणा करके सो जाने वाले लोग नहीं बल्कि घोर परिश्रम करने वाले लोग चाहिये। इसलिए चुनाव को महत्वपूर्ण मानिए और ठान लीजिए किए सारे काम छोड़कर मतदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि कोरोना ने दो साल में अपनी चपेट में लिया है और मानवता को संकट में डाला है। ऐसी भयंकर महामारी के बीच एक एक जीवन बचाने के लिए दो साल से काम कर रहे हैं कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार में आपके आशीर्वाद से हमे देश की सेवा करने का मौका मिला है, ये भाजपा सरकार देश को मुफ्त टीका लगा रही है, वैक्सीनेशन हो रहा है। घर घर एक एक व्यक्ति को सभी डोज मिल जाए इसके लिए पूरी मेहनत करती है। संकट से आपको रक्षा कवच दिया है, सच्चे अर्थ में मानवता की जिंदगी बचाने का काम किया है। लेकिन, ये परिवारवादी क्या बोल रहे हैं कि ये तो भाजपा का टीका है। अरे ये तो कोरोना से बचने का टीका है, जब यूपी के लोगों ने इनकी बात अनसुनी कर दी, कभी कभी तो लगता है कि टीके से दो लोग डरते हैं, पहला कोराना वायरस और दूसरे टीका विरोधी लोग। रिकार्ड वैक्सीन लगवा दी तो अब ये क्या शुरू किया है कि सरकार ये टीके के पीछे इतना खर्चा क्यों कर रही है। आपकी जिंदगी बचेगी तो मुझे खुशी होगी, आप लोगों ने इतना प्यार दिया सम्मान दिया और पद दिया, मुझे आप लोगों के लिए काम करते रहना है।

**खेत खेत तक पानी पहुंचाया**

डबल इंजन की सरकार ने सिंचाई परियोजनाएं 44 हजार करोड़ लागत से अधिक खर्च से खेत खेत तक पानी पहुंचाया। केन बेतवा लिंक परियोजना को मैं पूरा करना चाहता हूं लेकिन परिवारवादियों को अगर मौका मिल गया तो ये उसमें भी रोड़ा अटकाएंगे। हमारी सरकार यहां हर घर जल अभियान चला रही है। भाजपा सरकार का फतेहपुर और इस क्षेत्र से स्नेह है।



**यूपी–बिहार के भइया वाले बयान पर भी पलटवार**

मोदी ने अबोहर में रैली में मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी के यूपी–बिहार के भइया वाले बयान पर भी पलटवार किया। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया है। उस पर दिल्ली का उनका मालिक खड़े होकर तालियां बजा रहा था। यहां का कोई ऐसा गांव नहीं होगा, जहां हमारे उत्तर प्रदेश और बिहार के भाई–बहन मेहनत नहीं करते हों। संत रविदास उत्तर प्रदेश के काशी में पैदा हुए थे। आप कहते हो उत्तर प्रदेश के भइयों को घुसने नहीं दोगे। तो क्या संत रविदास जी का भी नाम मिटा दोगे?

## अखिलेश को सता रहा हार का डरः अमित शाह

करहल। मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र के कोसमा चौराहे पर जनसभा करने आए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि करहल में कमल खिला दो पूरे यूपी से सपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक ही सीट तीन सौ सीट का काम करेगी। संबोधन के दौरान उनके निशाने पर सपा और अखिलेश यादव रहे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने नामांकन के दौरान कहा था अब सीधे प्रमाण पत्र लेने आऊंगा। करहल क्षेत्र में ही गुरुवार को सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की जनसभा पर भी तंज कसा। गृहमंत्री ने कहा कि बुजुर्ग नेताजी को भी अखिलेश यादव को मैदान में उतारना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह ने मांगे वोट, कहा– मेरा मान रखना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

करहल। समाजवादी पार्टी के (सपा) संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने इस विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने बेटे अखिलेश यादव के लिए चुनावी प्रचार किया। उन्होंने करहल में गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां लोग उम्मीद के साथ आए हैं, ये उम्मीद सपा की सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भीड़ देखकर मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है। मैं विश्वास दिलाता हूं, आपको निराश नहीं करेंगे।

### जम्मू–कश्मीर के कटरा में भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। पिछले 24 घंटों के भीतर जम्मू–कश्मीर की धरती भूकंप की वजह से तीसरी बार थरथराई है। गुरूवार सुबह 3.02 बजे कटड़ा व डोडा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले साउथ कश्मीर में एलओसी से सटे इलाकों में 16 फरवरी को सुबह 5.43 और 11.08 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

# चीन सरहदों पर बैठा है सरकार नेहरू पर अटकी है

## इकॉनमी से विदेश नीति तक, मनमोहन सिंह ने केंद्र को घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने महंगाई, बेरोजगारी से लेकर आर्थिक और विदेश नीति तक केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार आज देश की तमाम समस्ध्याओं को सुलझाने के बजाय पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को कसूरवार ठहराने में ज्यादा दिलचस्पी ले रही है। सिंह ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति और आर्थिक नीति पर सरकार को फेल बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन हमारी सरहदोंपर बैठा है। जबकि सरकार तथ्यों का दबाने में जुटी है। मनमोहन सिंह का यह बयान पंजाब चुनाव से ठीक पहले आया है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को आर्थिक नीतियों की समझ नहीं है। यह मसला सिर्फ देश तक सीमित नहीं है। यह सरकार विदेश नीति में भी फेल साबित हुई है। चीन हमारी सीमाओं पर बैठा है और सरकार तथ्यों को छुपाने की कोशिश कर रही है।

मनमोहन सिंह का बयान पंजाब चुनाव से ऐन पहले आया है। पंजाब में 20 फरवरी को मतदान होगा। उन्होंने किसान आंदोलन का भी मुद्दा उठाया। इसके अलावा बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर भी सरकार को घेरा। सिंह बोले कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए कभी देश को नहीं बांटा। न ही सच को छुपाने का काम किया।

पूर्व पीएम बोले, एक तरफ लोग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं तो दूसरी तरफ सरकार अब भी तमाम समस्याओं के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को दोषी ठहरा रही है। मोदी सरकार पिछले साढेढ़ सात साल से सत्ता में है। वह गलतियों को मानने और उन्हें दुरुस्त करने के बजाय पुरानी बातों का राग आलाप रही है।

**सरकार का राष्ट्रवाद अंग्रेजों की नीति पर आधारित**

सिंह बोले कि लोगों को कांग्रेस के अच्छे कामों की याद आ रही है। बीजेपी ने पंजाब के सीएम को अपमानित करने की कोशिश की। मोदी सरकार में अमीर और अमीर होता जा रहा है। वहीं, गरीब और गरीब। किसान आंदोलन के समय में भी बीजेपी सरकार का राष्ट्रवाद अंग्रेजों की नीति पर आधारित है। मोदी के कार्यकाल में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

# शुक्रवार और रमजान में मिले हिजाब पहनने की इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट में राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता विनोद कुलकर्णी ने हिजाब विवाद पर हाईकोर्ट में दलीलें पेश की। उन्होंने कहा कि, हिजाब विवाद मुस्लिम लड़कियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। संविधान की प्रस्तावना के अनुसार स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, कम से कम शुक्रवार को मुस्लिम लड़कियों को हिजाब पहनने की अनुमति देने के लिए अंतरिम राहत दें। हालांकि, हाईकोर्ट ने हिजाब विवाद पर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी है।

इससे पहले बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें रखी। बुधवार को वकील ने कहा कि भारत में पगड़ी, चूड़ी, बिंदी और क्रास समेत तरह–तरह के धार्मिक प्रतीकों को धारण किया जाता है, तो फिर सरकार ने सिर्फ हिजाब पहनने पर ही रोक क्यों लगाई और उसके साथ शत्रुतापूर्ण भेदभाव कर रही है। याचिकाकर्ता छात्राओं के वकील रवि वर्मा कुमार ने कहा कि इंटर कालेजों (प्री–यूनिवर्सिटी कालेज) में यूनिफार्म निर्धारित करना अवैध है।

दरअसल, मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी, जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित और जस्टिस जेएम खाजी की 3 जजों की बेंच राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सोमवार से हिजाब विवाद पर लगातार सुनवाई हो रही है। बुधवार को भी हाईकोर्ट में हिजाब विवाद पर दोपहर 2:30 बजे सुनवाई शुरु हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कई दलीलें रखी।

**दलील**

■हिजाब विवाद पर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में ढलान पर तीसरी लहर

**24 घंटे में संक्रमण के 30,757 नए मरीज, 541 की मौत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना की तीसरी लहर अब ढलान पर है। एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 30,757 नए मामले सामने आए जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,27,54,315 हो गई। इसके साथ ही बीमारी से ठीक होने की दर एक बार फिर 98 प्रतिशत से ज्यादा हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी अपडेट आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 541 और मरीजों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 5,10,413 हो गई। देश में लगातार 11 दिनों तक संक्रमण के दैनिक मामले एक लाख से कम दर्ज किये गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,32,918 रह गई है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का 0.78 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्तर पर कोविड–19 के मरीजों के ठीक होने की दर 98.03 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक कोविड रोधी टीके की 174.24 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।